**सार-समाचार**

## संस्कार शिविर में उमड़े श्रद्धालु

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे स्टेशन के सामने स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य विहर्ष सागर महाराज के सानिध्य में एक भव्य संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैंकड़ों महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्म एवं संस्कारों के ज्ञान को आत्मसात किया। आचार्य ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में संस्कारों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। विशेष रूप से बाल्यावस्था में प्राप्त संस्कार जीवन भर व्यक्ति के साथ रहते हैं और उसे हर परिस्थिति में सही मार्ग चुनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि एक उच्च संस्कारित बालक स्वयं अपने जीवन में सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। इसी प्रकार, उच्च एवं कुलीन संस्कारों से युक्त महिला, पुरुष या कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई कार्य नहीं करता जिससे उसके परिवार, समाज या देश को हानि पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति छोटे-छोटे प्रयासों को भी नियमित रूप से करता है, तो वह अपने जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास ही सबसे महत्वपूर्ण साधन है। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष दीपक गोधा ने नवयुवक मंडल, महिला महासमिति की अध्यक्ष सीमा जैन एवं सदस्याओं, महिला मंडल एवं समस्त दिगंबर जैन समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं संस्कारमय कार्यक्रमों में सभी की सक्रिय सहभागिता सराहनीय है।

## अंबेडकर के आदर्शों से प्रेरणा लें : भाटी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयती के अवसर पर अम्बेडकर पार्क में जिला प्रशासन एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर समारोह आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री शालेह मोहम्मद, जिला कलक्टर रश्मि रानी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, पूर्व विधायक रुपाराम धणदे, पदमश्री तगाराम भील, पूर्व जिला प्रमुख श्रीमती अंजना मेघवाल, समाजसेवी कैलाश मेघवाल व दलपत हींगड़ा, पूर्व उप जिला प्रमुख डॉ. बी.के.बारुपाल, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, पूर्व यूआईटी अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर, समाजसेवी डॉ. रामजीराम के साथ ही अन्य अतिथिगण एव जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । अतिथियों ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्वा सहित स्मरण किया। जैसलमेर विधायक श्री भाटी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए युवा पीढ़ी से आहवान किया कि वे डॉ. अम्बेडकर के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर हमेशा ही दलितों की सेवा एवं राष्ट्र के विकास मे अपनी अहम् भूमिका दें तभी हम बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## कांग्रेसियों ने बाबा साहेब को किया याद

**जालोर**, (कास)। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान निर्माता एवम भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रदांजलि दी।साथ ही सभी कांग्रेसजन ने उनको याद करते हुए उनके बताए गए मार्गो एवम आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल,प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित,संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी,ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली,मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, पीर सिंह मालपुरा,लक्ष्मण सिंह सांखला, गीता श्री मेघवाल, महेन्द्र सोनगरा, मिश्रीमल गहलोत, जोगाराम सरगरा, कृष्ण कुमार वनिका,कालूराम मेघवाल, बंशीलाल माली,पुखराज माली,ओमप्रकाश चौधरी,ईश्वर सिंह बालावत,मनीष विश्नोई सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## सेनजी महाराज के गूंजे जयकारे

**पाली**, (नि.सं.)। सेन जयंती के अवसर पर पानी दरवाजा स्थित सेन जी महाराज के मंदिर से सुबह 10 बजे बैंड बाजा के साथ धूमधाम से समाज बंधुओ द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में घोड़े पर सवार युवती, राम दरबार,नरसिंह अवतार, सेन जी महाराज, युद्ध करते जवान भजन मंडली की झांकियां सम्मिलित थी। वही बैंड बाजा पर नृत्य करते युवा वह भजन गाती महिलाएं साथ चल रही थी। सबसे पीछे सेन जी महाराज की तस्वीर रखी सवारी साथ थी। पानी दरवाजा मंदिर से चेतना रेस्टोरेंट, राम बास,बादशाह का झंडा, सराफा बाजार उदयपुरिया बाजार, गुलजार चौक पुरानी सब्जी मंडी धान मंडी होते हुए वापस मंदिर पहुंचे। जहां पर आरती के पश्चात समाज का सम्मान समारोह वह प्रसादी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष संपत राज सेन, ललित, भंवरलाल, लक्ष्मण देवाराम पृथ्वीराज, बाबूलाल मदनलाल मनीष सेन, राधेश्याम भाटी, रमेश सेन का सहयोग रहा, वहीं पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में भजन संध्या का भी आयोजन हुआ।

## अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी

**जालोर**, (कासं)। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जालोर शहर में हरिदेव जोशी सर्किल स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। जिला कलैक्टर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक सद्भाव, महिलाओं एवं श्रमिकों के उत्थान के लिए कार्य किया एवं देश के संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) भंवरलाल परमार, डॉ. रमेश राणा, डॉ. मंजु मेघवाल, मनोहर राणा, समाज कल्याण अधिकारी भगवानाराम चौधरी, मिश्रीमल मेघवाल, गुलाब मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं ब?ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जयपुर में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।

## दो युवकों ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर और विवेक विहार पुलिस थाना क्षेत्र में दो युवकों ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजन को सुपुर्द किए। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि चवनला बेरा, बड़ली नेड चौखा निवासी शेरसिंह पुत्र उम्मेद सिंह सांखला ने दर्ज कराए मर्ग में बताया कि उसका भाई 20 वर्षीय जितेंद्र सिंह पुत्र बीरम सिंह मिर्गी की बीमारी के चलते अवसाद में चल रहा था। बीमारी के अवसाद आकर फंदा लगाकर सुसाइड कर ली। उसका अस्पताल में उपचार भी चल रहा था और परिजन उसे अहमदाबाद ले जाने वाले थे। मगर उससे पहले उसने फँदा लगाकर जान दे दी। वहीं विवेक विहार पुलिस ने बताया कि मोटलावास दातारामगढ़ सीकर हाल कुड़ी सेक्टर 14 निवासी राम निवास पुत्र भगवानपुरी ने रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई 26 वर्षीय कमलेशपुरी ने घर में फंदा लगा लिया। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है।

## दीक्षांत परेड समारोह 16 को

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर 16 अप्रेल को नव आरक्षी प्रशिक्षु का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें 90-91 बैच के प्रशिक्षु को दीक्षांत की शपथ दिलाई जाएगी। आरपीटीसी के डीआईजी देवेंद्र कुमार बिश्नोई मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में पुलिस बैड वादन, परेड निरीक्षण के साथ पारितोषिक का वितरण भी होगा। आरपीटीसी के प्रधानाचार्य आईपीएस डॉ. महावीर सिंह राणावत ने बताया कि 16 अप्रेल को नव आरक्षी प्रशिक्षु बैच 90-91 का दीक्षांत परेड समारोह होगा। इसमें आरपीटीसी के उप महानिरीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई मुख्य अतिथि होंगे। उनके द्वारा परेड की सलामी ली जाएगी। कार्यक्रम सुल्तान सिंह स्टेडियम आरपीटीसी में होगा। इसमें नव आरक्षी प्रशिक्षु बैच 90-91 बैच 25 के दीक्षार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुबह साढ़े सात बजे शुरू होगा।

## मादक पदार्थ रखने के आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ रखने और बेचने की फिराक में घूम रहे तीन युवकों को पकड़ा है। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई। बनाड़ पुलिस थाने के एसआई राजूराम ने सारण नगर ब्रिज के पास में खेड़ी सालवां निवासी कैलाश पुत्र प्रेमाराम को पकड़ा और 1.9 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह डांगियावास थानाधिकारी दौलाराम ने मुखबिर की सूचना पर बासनी निकूबा गांव में अशोक पुत्र हापूराम को पकड़ा और 12.390 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। जबकि भगत की कोठी थाना पुलिस ने बासनी ओवर ब्रिज के पास समदड़ी बालोतरा निवासी महेश पुत्र हनुमान को पकड़ 1.20 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की।

# अंबेडकर जयंती पर जोधपुर में सद्भाावना रैलियां निकाली

**जोधपुर**, (कासं) । भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को जोधपुर में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शहरभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं कई संस्था-संगठनों की ओर से रैलियां निकाली गई। नागौरी गेट सर्किल स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने जनसैलाब उमड़ पड़ा।

जयंती के अवसर पर आज डॉ. बीआर अम्बेडकर छात्रावास भगत की कोठी में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर आलोक रंजन के मुख्य आतिथ्य में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा, अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणपत लाल सुथार तथा लूणी उपखण्ड अधिकारी हसमुख भी मौजूद थे।

भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर जयंती पर कई संगठनों की तरफ से अंबेडकर सर्किल नागौरी गेट तक सद्भावना रैली निकाली गई। साथ ही बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

रैली में जय भीम के जयकारों और डीजे की धुन पर थिरकते युवा नीला झंडा और नीली टोपी के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे थे।

मुख्य कार्यक्रम स्थल नागौरी गेट पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने अंबेडकर सर्किल पर माला अर्पण कर उन्हें नमन किया। जुलूस में विभिन्न समाजों के महापुरुषों के पोस्टर लगाए गए। जालोरी गेट, नई सडक, सोजती गेट होते हुए विभिन्न संगठनों की ओर से रैलियां निकाली गई जो नागोरी गेट सर्किल तक पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें हाथों में नीले झंडे लिए युवाओं ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद किया। इसमें कई महिलाएं भी शामिल हुई। व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस का जाब्ता भी तैनात रहा।

विभिन्न समाज के संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की तस्वीर पर माला पहनकर उन्हें नमन किया और उनके बताएं मार्गों पर चलने का आ ान किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में देश का संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अंबेडकर के योगदान को याद किया।

### जनप्रतिनिधियों की रही भरमार

नागौरी गेट सर्किल पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देने के लिए जनप्रतिनिधियों की भरमार रही। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल, देहात अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी, पूर्व जेडीए चेयरमैन डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़, नगर निगम उत्तर की पूर्व महापौर कुंती परिहार, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा सहित कई कांग्रेस-भाजपा नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीयों के बीच समानता की एक ऐसी मशाल प्रज्वलित की है, जिसका उजाला युगयुगीन है।

शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान में डॉ. बीआर अम्बेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आफरी निदेशक डॉ.आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में डॉ. बीआर. अम्बेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन को प्रेणनामयी बताते हुए विधि, सामाजिक न्याय, समानता, महिला अधिकार एवं शिक्षा क्षेत्रों में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

प्रताप नगर के अम्बेडकर पार्क में जीनगर समाज द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जीनगर समाज के जनसेवक, समाज सेवी, पार्षद एवं जीनगर कर्मचारी अधिकारी, जीनगर ज्योति के पदाधिकारी एवं भामाशाह द्वारा अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन मण्डल कार्यालय में रेल कर्मचारियों ने भारत रत्न बाब साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती मनाई। मण्डल सचिव मनोज कुमार परिहार ने कहा कि बाबा साहेब ने पूरे जीवन में 32 डिठियां हासिल की, जो अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र व्यास ने भी संबोधित किया।

वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोली में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार अंबेडकर जयंती पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई।

वहीं शिवराज शिक्षण एवं जनसेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष परसराम तिवाड़ी ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. अम्बेडकर का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक आयोजित

**जालोर**,(कासं)। भारतीय जनता पार्टी जालोर की जिला कार्यसमिति बैठक का आयोजन मंगलवार को जालोर शहर स्थित होटल विजय पैराडाइज में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जोधपुर संभाग प्रभारी भूपेंद्र सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

भाजपा जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने बताया कि बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम् एवं भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने अपने उद्बोधन में आगामी 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित पचपदरा दौरे को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा जालोर जिले की सभी विधानसभाओं से कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिम्मेदारियां सौंपी। जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, जिला संगठन प्रभारी महेंद्र मेघवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दानाराम चौधरी, पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी, पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह बालावत सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के जालौर आगमन पर विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष रवि सोलंकी के नेतृत्व में स्वागत, परमवीर सिंह भाटी के नेतृत्व में बाइक रैली, अंबेडकर स्मारक पर पुष्पांजलि, तथा विभिन्न मोर्चो ने प्रमुख चौराहों पर अभिनंदन किया।

बैठक में गेनाराम मेघवाल, पुखराज राजपुरोहित, मंगल सिंह सीराना, मुकेश खंडेलवाल, बंसीलाल सुथार, प्रकाश छाजेड, हीरालाल सारस्वत, गिरधारी लाल देवासी, उदय सिंह दादाल, केरा राम चौधरी, मुकेश राजपुरोहित, धोमी देवी, सुरेश सोलंकी, चंद्रकांत सुन्देशा, डिंपल सिंह चौहान, महेंद्र मुनोत, भूर सिंह, संजय बोराणा, अमन मेहता, महेंद्र सोलंकी, भरत सिंह भोजानी, गोपाल सिंह परमार, गीता बारोट, उर्मिला दर्जी, मंजू मेघवाल, हिंगलाज दान चारण, अंबालाल व्यास, छगन रामावत, अशोक गुर्जर, गणपत सिंह बगेडयिा, मंजू सोलंकी, केशव व्यास, उत्तम चंद गर्ग, ओम प्रकाश चौधरी, महेश भट्ट, दिलीप सोलंकी, योगेश सेन, बिशन सिंह सोलंकी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पालतू श्वान को जेसीबी से फंदे पर लटकाकर मारा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सालावास- बोरानाडा रोड पर आई एक फैक्टरी में पालतू श्वान को जेसीबी से फंदा लगाकर मारकर मार डाला। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो सोमवार रात को वायरल हुआ है। श्वान को लेकर एक व्यक्ति ने पड़ौस की फैक्टरी स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दी। इस बारे में विवेक विहार थाना पुलिस जांच के बाद हरियाणा के करनाल निवासी राजकुमार और मैनपाल दो युवकों को हिरासत में लिया है। संभवतः जोधपुर में इस तरह की पहली घटना सामने आई है।

लूणी के सालावास स्थित उचलावास निवासी मनोज कुमार पुत्र नवलाराम गहलोत ने पुलिस में रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसकी फैक्टरी सालावास-बोरानाउा रोड पर आई है। उसका एक पालतू श्वान बॉस है। 12 अप्रैल रविवार को वह रात को घूमते हुए पड़ौस में आई एक अन्य फैक्टरी में चला गया था। तब वहां एक स्टाफ ने उसे रोटी देने के बहाने गले में फंदा डाल दिया। बाद में जेसीबी से लटकाकर उसे मार डाला। उसके श्वान का पता नहीं चलने पर उसे ढूंढा गया तो वह नजदीक में एक मेडिकल डिवाइस के पॉक में पड़ा मिला। उसके गले में फंदा डाला हुआ था। बाद में सीसीटीवी फुटेज देखे तो उक्त घटनाक्रम का पता लगा। मनोज कुमार ने पड़ौस की फैक्टरी स्टाफ के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# पाली में अंबेडकर सर्किल पर कार्यक्रम आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पाली जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर सर्किल पर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद पी.पी. चौधरी एवं जिला कलेक्टर द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) ओम प्रभा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख , पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा डॉ एनके राजा सहित जनप्रतिनिधि सुनील भण्डारी, त्रिलोक चौधरी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वही अंबेडकर संस्थान से जुड़े सैकड़ो कार्यकर्ता वह कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शीशपाल सिंह, जीवराज बोराणा, मोहन हटेला सहित नेताओं ने माल्यार्पण किया।

जयंती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कलेक्टर द्वारा बाबा साहेब के फोटो पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया गया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। जिसमें उन्होंने देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता बनाए रखने तथा संविधान के प्रति निष्ठा रखने का संकल्प लिया। इस पहल का उद्देश्य आमजन में संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

वहीं पाली जिला कांग्रेस कमेटी एवं पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में सूरजपोल स्थित अम्बेडकर सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के तत्पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय में बाबा साहब की तस्वीर पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

जिला कांग्रेस मुख्यालय पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के संवैधानिक दृष्टि और वर्तमान परिदृश्य में लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थिति व उनके जीवन पर प्रस्तावित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों ने बाबा साहब के जीवन, संविधान निर्माण और शिक्षा के प्रति उनके विचारों पर प्रकाश डाला।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष शिशुपालसिंह निम्बाडा, सुमित्रा जेन, मदनसिंह जागरवाल, भेरूसिंह सोनाणा, जोगाराम सोलंकी, आनंद सोलंकी,मेहबूब टी, प्रकाश सांखला, जीवराज बोराणा, प्रकाश चौधरी, भँवर राव, सुनील बैरवा, रतन उदेश, मण्डल अध्यक्षगण शकील अहमद नागोरी, चेलाराम रारबड़ा, भेराराम गुर्जर, राजू सोलंकी, दिनेश दवे, ताराचन्द टांक, डॉ रमेश चावला, प्रकाश चौहान,निर्मल तेजी, जीवराज चौहान, सज्जन बी राज, गोरधन प्रजापत, संतोखसिख बाजवा, राजेंद्र घावरी, लक्ष्मण कच्छवाह, मांगूसिंह दुदावत, जुगराज चौहान, श्याम बागोरिया, ताराचन्द चन्दनानी, रफीक चौहान, आमीन अली रंगरेज, असगर कुरैशी, विक्रम चंदानी, फकीर मोहम्मद सिंधी, मांगीलाल सोलंकी, संजय परमार,राजेन्द्र मेघवाल, मूलचंद संकलेचा, चन्द्रकांत मारू, साबिर अशरफी, सहाबुद्दीन बागवान, रमेश चौधरी,राजेन्द्र शर्मा, वजाराम गरवलिया, धनराज चौहान, नारायण लाल नाडोल, निमेश चांवरिया, एडवोकेट तरुण मेहता, रमेशचंद राठौड़, जितेंद्रसिंह चुंडावत, धनराज आर्य मुकेश देवासी, मनोहरसिंह जवाली, जसाराम मेघवाल, दुर्गाराम नायक नारायण लाल उप प्रधान, इब्राहिम शाह, अनिलसिंह राजपुरोहित सहित कई कांग्रेस जन मौजूद थे।

## सीमा सुरक्षा बल में तैनात महिला सिपाही को हाईकोर्ट से न्याय मिला

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने वैवाहिक विवाद के एक अहम मामले में सीमा सुरक्षा बल में तैनात एक महिला सिपाही के पक्ष में फैसला सुनाया है। जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस सुनील बेनीवाल की खंडपीठ ने पति द्वारा नौकरी छोड़ने का दबाव बनाने, 10 लाख रुपए की मांग करने, क्रिमिनल रिकॉर्ड और 10 साल से अलग रहने को क्रूरता व परित्याग मानते हुए तलाक की डिक्री जारी की है। कोर्ट ने चूरू के सरदारशहर की फैमिली कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें महिला की याचिका खारिज कर दी थी।

चूरू जिले के एक गांव की अपीलार्थी वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में बीएसएफ में कार्यरत हैं। उसकी शादी साल 2009 को चूरू के एक अन्य गांव के रहने वाले व्यक्ति के साथ हुई थी। दोनों की 7 साल की एक बेटी है, जो महिला के पास है। याचिका में बताया गया कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल वालों ने 10 लाख रुपए और एक पॉश इलाके में मकान की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पति उसकी सैलरी छीनकर शराब पर उड़ा देता था। कोर्ट के समक्ष यह तथ्य भी रखा गया कि पति क्रिमिनल प्रवृत्ति का है और भानीपुरा थाने में दर्ज एक मामले में वह कस्टडी में भी रह चुका है, जिससे पत्नी हमेशा खौफ और असुरक्षा में रहती थी। जब महिला को वर्ष 2013 में बीएसएफ में नौकरी मिली, तो पति ने उस पर नौकरी से इस्तीफा देने का भारी दबाव बनाया। फैमिली कोर्ट में दिए गए अपने जवाब में पति ने पत्नी पर बेहद आपत्तिजनक आरोप लगाए। पति ने आरोप लगाया कि सरकारी नौकरी मिलने के बाद उसकी पत्नी खुद को महान समझने लगी है और किसी अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंधों में है।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने माना कि एक कामकाजी महिला पर करियर छोड़ने का दबाव बनाना और उसकी गरिमा व चरित्र पर आधारहीन आरोप लगाना स्पष्ट रूप से गंभीर मानसिक क्रूरता की कैटेगिरी में आता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पति की इस प्रताड़ना के खिलाफ पुलिस में शिकायत न करने का मतलब यह नहीं है कि पत्नी ने क्रूरता नहीं सही है, अक्सर महिलाएं सामाजिक कलंक से बचने के लिए चुप रह जाती हैं। खंडपीठ ने इस बात पर गौर किया कि पति-पत्नी मई 2015 से यानी पिछले 10 वर्षों से ज्यादा समय से पूरी तरह अलग रह रहे हैं। इतने लंबे अलगाव के बाद उनके बीच वैवाहिक संबंध बहाल होने की कोई गुंजाइश नहीं बची है। मामले की गंभीरता इस बात से भी साबित होती है कि नोटिस मिलने के बावजूद पति हाईकोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने इसे पति की मौन सहमति माना और हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 13 के तहत महिला सिपाही की अपील स्वीकार करते हुए 'तलाक' के फैसले पर मुहर लगा दी।

# दिव्यांगों को ट्राई साइकिल बांटी

**पाली**, (नि.सं.)। गोल निमड़ा स्थित शनिधाम तीर्थ स्थल पर डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती सामाजिक समरसता, सेवा और मानवता के दिव्य संगम के साथ समारोह पूर्वक मनाई गई । यह

प्राप्त जानकारी के अनुसार समारोह आयोजन नट वादी व भाट जागृति मंच के बैनर तले महामंडलेश्वर निजस्वरूपानन्द दाती महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ।

समारोह का शुभारंभ दाती महाराज एवं अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मां श्रद्धा , साध्वी शिवानी , साध्वी दया , अशोक भोलेचा, अर्जुन भोलेचा, वादी नट भाट के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सुगनाराम भानावत, जोधपुर के अध्यक्ष मांगीलाल, बाड़मेर के अध्यक्ष जेठाराम, जालोर के अध्यक्ष फ़ौज़ारम, सांचोर के अध्यक्ष गेवरराम, सिरोही के अध्यक्ष प्रकाश कुमार, पाली के अध्यक्ष भवरलाल, देवाराम किशन नटराज, दिग्विजयसिंह , कालू मारू , महीपाल सिंह , धर्मेंद्र रल के साथ समाज के हजारों की तादाद लोग आदि उपस्थित थे। संचालन उद्घोषक गजेन्द्र गर्ग बगड़ी ने किया।

## सामूहिक दुष्कर्म से परेशान किशोरी ने सुसाइड किया था

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में फरवरी माह में एक किशोरी द्वारा अपने घर पर सुसाइड करने के मामले में नया मोड़ आया है। पहले पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई की थी। अब परिजन ने कोर्ट में इस्तगासे से कुछ लोगों को नामजद कर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने की रिपोर्ट दी है। फिलहाल पुलिस ने इस बारे में अब जांच आरंभ की है।

प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी ने फरवरी में फंदा लगाकर खुदकुशी की थी। तब पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई की थी। अब परिजन का आरोप है कि उसे बर्थडे पार्टी में बुलाने के बाद नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया गया। फिर फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर यौनशोषण किया गया। जिससे वह आहत हो गई और खुदकुशी कर ली। आरोपियों द्वारा उससे सामूहिक दुष्कर्म किया गया। कोर्ट से मिले इस्तगासे पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच एएसपी प्रतापनगर के पास है।

## वकीलों के चैंबर निर्माण में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में वकीलों के लिए चैंबर निर्माण के आदेशों की समयबद्ध अनुपालना नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने इस मामले में आदेश जारी किए हैं।

कोर्ट ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि यदि 29 अप्रैल तक विस्तृत अनुपालना रिपोर्ट पेश नहीं की गई, तो राजस्थान के मुख्य सचिव, विधि विभाग के प्रमुख सचिव और वित्त विभाग के सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होना होगा।

सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता महावीर बिश्नोई, अतिरिक्त सहायक महाधिवक्ता आयुष गहलोत, एम. चयन बोथरा उपस्थित हुए।

खंडपीठ ने जब 16 सितंबर 2025 को जारी किए गए समयबद्ध निर्देशों की प्रगति जाननी चाही, तो सरकारी वकील अनुपालना के संबंध में कोई ठोस आश्वासन या जानकारी देने में असमर्थ रहे।

हालांकि, मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकारी वकीलों ने कोर्ट से अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए एक अंतिम अवसर मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि आम नागरिकों को न्याय सुलभ कराने के लिए वकीलों को न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं मिलना जरूरी है।

कोर्ट ने 16 सितंबर 2025 के उस आदेश का हवाला दिया, जिसके तहत सरकार को प्रदेश की 35 जजों के अधिकार क्षेत्र वाली लगभग 1250 अधीनस्थ अदालतों में चैंबर निर्माण की व्यापक नीति बनानी थी।

इस योजना के तहत चैंबर का निर्माण 30 मई 2026 तक पूरा किया जाना जरूरी है। साथ ही, अदालत ने वकीलों के सामूहिक हॉल्स को चैंबर में बदलने के विचार को अव्यावहारिक बताते हुए खारिज कर दिया था।

# सैन जयंती पर शोभायात्रा निकाली, झांकियां सजाई

**जोधपुर**, (कासं)। सैन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सैन महाराज की जयंती मंगलवार को शहर में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सैन जी महाराज की आकर्षक झांकियांयुक्त शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैनजी महाराज का जीवन परिचय, पर्यावरण, नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता का संदेश देती झांकियां भी नजर आई। शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।

मारू नाई विकास समिति जोधपुर और सैन जयंती महोत्सव समिति 2026 के संयुक्त तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व गुलाब सागर स्थित सैन मंदिर में यज्ञ का आयोजन कर सभी की खुशहाली की कामना की गई। इसके बाद सैन महाराज की तस्वीर की पूजा अर्चना कर, झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। अध्यक्ष बालकिशन चौहान व प्रमुख संयोजक विक्रम परिहार ने बताया कि शोभायात्रा में जोधपुर शहर, कुड़ी, बोरानाडा, मसूरिया, नांदड़ी, बनाड़ आदि आसपास के क्षेत्र से तीस से अधिक झांकियां शामिल हुई। रास्ते में मेडिकल और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सैन नागरिकों की संस्था सर्व एंड इंप्रूव नेशन सेवा संस्था जोधपुर ने विशेष स्वागत किया। संस्था अध्यक्ष उदय सैन, मधुसूदन भाटी ने समिति के अध्यक्ष और पदाधिकारी का स्वागत किया। डॉक्टर संजय मकवाना और डॉक्टर रेणु मकवाना ने विशेष रूप से शोभा यात्रा में पात्र बने बालक बालिकाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों के साथ सैन समाज के 12 महापुरुषों की झांकियां भी शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। जिसमें चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, नारायणी माता, सैन महाराज, पंज प्यारे साहिब सिंह, लोक कलाकार भिखारी ठाकुर सहित अनेक झांकियां सम्मिलित थी। शोभायात्रा सैन मंदिर, गुलाब सागर से रवाना होकर घंटाघर, नई सडक़, सोजती गेट, स्टेशन रोड, राजरणछोड़दास मंदिर, जालोरी गेट, खांडा फलसा, आड़ा बाजार, त्रिपोलिया और फिर वहां से घंटाघर होते हुए पुनः गुलाब सागर सैन मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई।

### संतों का रहा सान्निध्य, जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत

इस दौरान सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज, वरिष्ठ समाज सेवी श्री सैन मारू शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष लूणाराम सैन, सचिव दिलीप चौहान, पूर्व पार्षद महेश परिहार, जगदीश भाटी, सुरेंद्र सैन एमआर, रामचंद्र रजलीवाल, धीरज चौहान, किशनराम फूलडालिया, दीपक बागड़ी, नरेंद्र, रवि चौहान, विजयलक्ष्मी परिहार, सुशीला मकवाना, भगवती पंवार, उषा पंवार, पूर्व पार्षद सुमन सैन, रामरतन गहलोत कुड़ी, शेर सिंह, धर्मेश सैन, राकेश सैन, देवेंद्र स्वरूप, बजरंग सैन, राजेंद्र कुमार सैन, गोरू सैन, बाबूलाल सहित अनेक लोग शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।

